**उत्तर प्रदेश सरकार**
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
**19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,**
**लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001**

## सूचना/विज्ञप्ति

**उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025**

**दिनांक 08, 09, 10 जून, 2026 को आयोजित लिखित परीक्षा की अन्तिम उत्तर कुंजी का प्रकाशन।**

संख्याः पीआरपीबी–बी(आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग) 07/2025 दिनांकः जुलाई 31 ,2026

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की दिनांक 08, 09, 10 जून, 2026 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के सभी 06 पालियों के प्रश्नपत्रों तथा उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर दिनांक 20–06–2026 से 23–06–2026 तक प्रदर्शित करते हुये अभ्यर्थियों से साक्ष्यधारित आपत्तियां आमंत्रित की गयी थी।

2– अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किये जाने के उपरान्त 01 प्रश्न के उत्तर विकल्प में परिवर्तन के सम्बन्ध में आपत्ति उचित पायी गयी है, जिसको सक्षम स्तर पर विचार करते हुये इस 01 प्रश्न के उत्तर विकल्प में परिवर्तन किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3– अभ्यर्थियों को बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/ पर उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, जन्मतिथि व प्रश्न पुस्तिका कमांक की सहायता से लॉगिन करना होगा, जिसमें प्रत्येक अभ्यर्थी अपनी अन्तिम उत्तर कुंजी दिनांक 06–08–2026 तक देख सकेंगे।

4– उपरोक्त भर्ती प्रकिया के अर्न्तगत निर्गत की जा रही उत्तर कुँजी अन्तिम है। इसके पश्चात प्रश्नों एवं उनके उत्तर विकल्पों तथा उत्तर कुंजी पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी, न ही उस पर कोई विचार किया जायेगा।

5– चयन के अगले प्रक्रम (डीवी/पीएसटी) हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तथा तिथि शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in/पर प्रकशित की जायेगी।

6– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा। ऐसे किसी प्रकरण के संज्ञान में आने पर बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा।

**पुलिस उपमहानिरीक्षक/अपर सचिव (भर्ती),**
**उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,**
**लखनऊ।**